INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	**Department: Hindi**	**Date – 20.05.21**
Worksheet No: 2	**Topic:** मुहावरे **-** उत्तर **(ANSWERS)**	**Note: Pl. file in portfolio**

प्रश्न - 1 - उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) आई० ए० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए रात-दिन आँखें फोडनी पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है।

(ख) चपरासी द्वारा मंत्री जी को राजनीति का पाठ पढ़ाना छोटा मुँह बडी बात है।

(ग) चलाना आए या न आए, आजकल हर ऐरा-गैरा नत्थू खैरा स्मार्ट फ़ोन लेकर घूमता है।

(घ) कैकेयी ने ऐसे-ऐसे सूक्ति-बाण चलाए कि महाराज दशरथ को श्रीराम को वनवास की आज्ञा देनी ही पड़ी।

(ङ) फ़िल्म-निर्देशक ने नए अभिनेता के कार्य की इतनी आलोचना की कि उसके जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो गए और उसकी हिम्मत टूट गई।

(च) चोर दबे पाँव घर में आया और चोरी करके चला गया।

(छ) स्कूल से भागकर बाहर घूमने वाले छात्र के सिर पर नंगी तलवार लटक रही थी कि कहीं कोई जान-पहचान वाला देख न ले।

(ज) मदन कम अंक पाने पर पहले से ही दुखी था, कमल ने उसका मज़ाक उड़ाकर उसके घाव पर नमक छिडका।

(झ) नदी में आई भयंकर बाढ़ ने पूरे गाँव का नामोनिशान मिटा दिया।

(ञ) दसवीं पास रामू को गाँव की पाठशाला में अध्यापक की नौकरी मिलना अंधे के हाथ बटेर लगना है।

(ट) अर्थशास्त्र ऐसा विषय है कि उसे पढ़कर दाँतों पसीना आ जाता है।

(ठ) एवरेस्ट पर चढ़ना लोहे के चने चबाना है ।

(ड) आजकल सरकारी नौकरी पाने के लिए बहुत पापड़ बेलने पड़ते हैं ।

(ढ) विवाह के बाद जब रमेश को ख़ुद घर चलाना पड़ा तो उसे आटे-दाल का भाव मालूम हुआ ।

(ण) जब से उसे विश्व-सुंदरी का ख़िताब मिला है, उसके पाँव ज़मीन पर नहीं पड़ते ।

(त) यात्रा के लिए जाते समय मैंने माँ की बातों की गिरह बाँध ली ।

(थ) बच्ची को सड़क पर जाते देख माँ के प्राण सूख गए ।

(द) जब पंकज कॉलेज से देर से घर लौटा तो पिताजी ने उसे आड़े हाथों लिया ।

(ध) आंदोलनकारियों पर लाठी बरसा कर अंग्रेज पुलिस ने अपना रंग दिखा दिया ।

(न) उधार लेने के बाद लोग प्रायः मुँह चुराने लगते हैं ।

(प) जब से पिताजी ने मकान बनाने का काम हाथों में लिया है,तब से बहुत व्यस्त हो गए हैं ।

(फ) बड़ों के उपदेश बच्चों को प्रायः ज़हर लगते हैं ।

(ब) रेलवे पर बनने वाले पुल का काम फिर से ठंडा पड़ गया है ।

(भ) ये लाफ़्टर चैनल के कलाकार बे-सिर पैर की बातें करके लोगों को उल्लू बनाते हैं ।

(म) रक्षाबंधन के दिन भाई के इंतज़ार में बहन के लिए एक-एक क्षण काटना पहाड़ हो जाता है ।

(य) ओलंपिक में स्वर्णपदक जीतना कठिन साधना का काम है, कोई हँसी-खेल नहीं है ।

(र) गाँव से शहर आकर दोस्तों के साथ घूमने-फिरने में वह पिता की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहा है ।

(ल) क्रिकेट खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप जीतने के लिए जी-तोड़ मेहनत करनी पड़ती है ।

(व) नौकरी छूट जाने के कारण आजकल अनेक युवक पैसे-पैसे को मोहताज़ हो गए हैं ।